वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट (Global Gender Gap Report)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/global-gender-gap-report

- **विश्व आर्थिक मंच द्वारा 156 देशों के लिये** जारी 'वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2021' में भारत पिछले वर्ष की तुलना में **28 स्थानों की गिरावट के साथ 140वें** स्थान पर पहुँच गया है। **गत वर्ष** भारत **112वें स्थान** पर था।
- इस रिपोर्ट में **शीर्ष तीन देश क्रमशः आइसलैंड, फ़िनलैंड और नॉर्वे** हैं, जबकि **निम्नतम रैंकिंग वाले तीन देश क्रमशः अफगानिस्तान (156), यमन (155) और इराक (154)** हैं। भारत के पड़ोसी देशों में बांग्लादेश (65), नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और भूटान की स्थिति भारत से बेहतर है। ब्रिक्स देशों में दक्षिण अफ्रीका 18वें और चीन 107वें स्थान पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार, **मध्य एशिया और उत्तरी अफ्रीका के बाद दक्षिण-एशिया क्षेत्र का प्रदर्शन सबसे ख़राब** रहा है। दक्षिण-एशिया में भारत का प्रदर्शन पाकिस्तान (153) और अफगानिस्तान के बाद सबसे ख़राब रहा है।
- इस रिपोर्ट में **चार क्षेत्रों के आधार पर लैंगिक अंतराल का मापन** किया जाता है- आर्थिक भागीदारी और अवसर, शैक्षणिक उपलब्धियां, स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता तथा राजनीतिक सशक्तीकरण।
- **विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी की जाने वाली अन्य रिपोर्ट- वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट**, वैश्विक तकनीकी गवर्नेंस रिपोर्ट, **वैश्विक जोखिम रिपोर्ट**, वैश्विक यात्रा एवं पर्यटन प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट, द फ्यूचर ऑफ़ जॉब रिपोर्ट और **उर्जा संक्रमण सूचकांक।**

IAS / PCS
Online Video Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
Online
Learning
Programme
JOIN NOW
15% Discount for
Next 500 Students

IAS / PCS
Pendrive Course
सामान्य अध्ययन
+
वैकल्पिक विषय
(इतिहास एवं भूगोल)
15% Discount for Next
500 Students